द्वारकालय संगीत समारोह सम्पन्न

सान्ध्य महालक्ष्मी सं./20 मई दिल्ली तमिल संगम आरकेपुरम में द्वारकालय सोसाइटी की ओर से दो दिवसीय पांचवा संगीत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पहले दिन शास्त्रीय संगीत के कलाकार संगम आरकेपुरम दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें पहले दिन शास्त्री संगीत के कलाकार श्रीमती सुधा रधुरमन जी. ऐलनगोवन जी. रघुमन तथा दूसरे दिन युवा कलाकार कृष्णन नटराजन, आईआईएम ग्रेजुएट में राग यमन पेश कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी वहीं नागलक्ष्मी श्रीनिवास ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति पेश की।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष के सुब्रह्मण्यम ने बताया कि उनकी संस्था पिछले पांच वर्षों से शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम दिल्ली में सफलतापूर्वक कर रही है। इन कार्यक्रमों में स्थापित कलाकारों के साथ युवा कलाकारों को भी मौका दिया जाता है।

इस वर्ष यह कार्यक्रम सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत के कलाकार जीएन बलालासुब्रह्मण्यम और डीके पट्टम मल को समर्पित है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।